## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 जनवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने, जल संरक्षण और संसाधानों के उचित उपयोग की आवश्यकता पर दिया जोर। कहा–धरती को संजोने का दायित्व भी हमारा है।
- प्रदेश में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है मकर संक्रांति पर्व। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में चढ़ाई आस्था की खिचड़ी। प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं।
- प्रदेश के सभी बूथों पर बीएलओ दोबारा पढ़ कर सुनाएंगे आलेख्य मतदाता सूची। राज्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अधिकारियों को मतदाताओं के सामने ही फॉर्म छह भरवाने का दिया निर्देश।
- प्रदेश में गलन भरी ठंड का असर जारी। कई जिलों में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भावी पीढ़ियों के लिए मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने, जल संरक्षण और संसाधनों के उचित उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम और अमृत सरोवर जैसी पहल को इसी भावना से प्रेरित बताया। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में यह बात कही।

**ये धरती हमें इतना कुछ देती है उसे संजोने का दायित्व भी हमारा है, अगली पीढ़ी के लिए मिट्टी को स्वस्थ रखना, पानी को बचाना ओर संसाधनों का संतुलित उपयोग करना सबसे जरूरी है। मिशन लाइफ, एक पेड मां के नाम, अमृत सरोवर जैसे हमारे अभियान इसी भावना को आगे बढ़ाते हैं।**

प्रधानमंत्री ने किसानों को राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है।

**हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।**

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पोंगल, लोहड़ी, मकर संक्रांति और माघ बिहू सहित अन्य पर्वों की शुभकामनाएं भी दीं ।

**इस समय देश के अलग–अलग हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों की भी उमंग है। मैं भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाई–बहनों को पोंगल की और सभी पर्वों की बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं।**

**********

मकर संक्रांति का पर्व आज दूसरे दिन भी हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है श्रद्धालु प्रदेश की सभी पवित्र नदियों में पवित्र मुहुर्त शुरू होने के बाद से ही आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। । प्रयागराज के माघ मेले में आज मकर संक्रांति का मुख्य स्नान पर्व है। एक रिपोर्ट–

**मकर संक्रांति का पावन मुहुर्त शुरू हो जाने के बाद कल शाम से साधु संतों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु राज्य की पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं। गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम पर प्रयागराज में लगभग डेढ़ महीने तक चलने वाले माघ मेले का ये दूसरा बड़ा स्नान माना जाता है। भोर से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर रहे हैं। आज के दिन दान का भी विशेष महत्व है। प्रशासन, रेलवे और परिवहन विभाग ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं जिनमें बारह हजार फीट से ज्यादा लंबाई में बने घाट शौचालय विशेष ट्रेनें और विशेष बसों का संचालन भी शामिल है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध गोरखपुर खिचड़ी मेले की भी शुरुआत हो गयी। गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ब्रह्म मुहूर्त में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा की और खिचड़ी का प्रसाद चढ़ाया। उन्होंने आकाशवाणी के माध्यम से प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**मैं सभी श्रद्धालु जनों को उत्तर प्रदेशवासियों को मकर संक्रान्ति की ह्रदय से बधाई देता हूँ। जगत पिता सूर्य की उपासना का यह पर्व सभी के लिए शुभ हो मंगलकारी हो ये मेरी कामना है। भारत के पर्व और त्यौहारों के परंपरा में मकर संक्रांति का पर्व एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व के रूप में मनाया जाता है। पूरे देश के अंदर उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक अलग अलग नाम और रूपों पर रूपों के आधार पर मकर संक्रान्ति को मनाया जाता है। अगर आप पूर्वी भारत में जाएंगे असम राज्य में बिहू के रूप में, अगर आप पंजाब में जाऐंगे लोहड़ी के रूप में, दक्षिण में जाऐंगे तो पोंगल के रूप में और उत्तर में आऐंगे तो यह मकर संक्रान्ति का पर्व खिचड़ी त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।..**

गोरखनाथ मंदिर में आज तड़के से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु गुरु गोरक्षनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**गोरखपुर  में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है  सुबह 4 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरक्षनाथ को खिचड़ी चढ़ाई है इसके बाद से श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोल दिए गए हैं। गोरखनाथ मंदिर में जयकारों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित कर रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।**

गोरखनाथ के खिचड़ी मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को स्मार्ट फोन से दूर रखने की अपील की है। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्मार्टफोन का उपयोग केवल आवश्यकता अनुसार होना चाहिए। उन्होंने अपील की कि वाहन चलाते समय स्मार्टफोन का प्रयोग न किया जाए। श्री योगी ने कहा कि छोटे बच्चों को स्मार्ट फोन के उपयोग से दूर रखें, क्योंकि यह उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

प्रदेश के सभी बूथों पर बूथ लेवल ऑफिसर–बीएलओ आलेख्य मतदाता सूची दोबारा पढ़ कर सुनाएंगे। एक रिपोर्ट–

**राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 18 जनवरी को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मिशन मोड पर प्रदेश के समस्त बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची को दोबारा पढ़कर मतदाताओं को सुनाया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि फॉर्म 6 ऑफलाइन भरवाते समय मतदाता का नाम, पता जैसी प्रविष्टियां अंग्रेजी व हिंदी में मतदाता के समक्ष भरवाया जाए, जिससे वर्तनी में कोई त्रुटि न रहे। समाचार कक्ष से अरुण।**

**********

प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कल श्रावस्ती में विकसित भारत जी राम जी और अन्य सरकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जी राम जी योजना के तहत सात दिनों के भीतर भुगतान किया जाएगा।

**वीबी जीराम जी योजना में हमारी सरकार लेकर आई है। हमारे मजदूर भाइयों को काम मिले और जो गारंटी सरकार ने दी है, उनके भुगतान की गारंटी दी है, उनके कार्य योजना में उनको कितने दिन का कार्य मिलेगा, वह गारंटी दी है, इन सबकी गारंटी हमारी सरकार उसमें दे रही है।**

**********

प्रदेश में गलन भरी ठंड का प्रभाव जारी है। कल कुछ जिलों में दिन में थोड़ी देर के लिए धूप निकली, लेकिन गलन का असर बना रहा। प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। बिजनौर में कल अधिकतम तापमान नौ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान पांच दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी धीरे–धीरे बढ़ने की संभावना जताई है।

**********